लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

पौष कृष्ण पक्ष पंचमी 9.21 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 28, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, मंगलवार, 13 दिसंबर 2022

PAGE NO : 4 MIDDLE

एसआरएमएस में छात्रों ने सफेद कोट पहन कर ली चरक शपथ



एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति छात्रा को सम्मानित करते हुए।

अमृत विचार, बरेली

एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को एमबीबीएस 2022 बैच के विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने शपथ दिलाई और इसका सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने नए विद्यार्थियों से कहा कि आपका इस मानवतापूर्ण पेशे में स्वागत है। इस पेशे का प्रतीक सफेद कोट अब आपकी स्किन से कम नहीं। साढ़े पांच साल के इस अध्याय में तमाम चुनौतियां आएंगी। इन पर विजय हासिल कर आप सफल डाक्टर बनेंगे। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी विद्यार्थियों को माता-पिता के साथ सभी वरिष्ठों के सम्मान करने का संदेश दिया। डीन यूजी डा.नीलिमा मेहरोत्रा ने आभार जताया। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह समेत सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।